# उत्तर प्रदेश पीएसी मुख्यालय, महानगर लखनऊ–226006

फोन/फैक्स नं0 +91–0522–2337452–54–55–56 सीयूजी +91–9454401172, ई–मेल–**asppacp@uppac.net** वेब-**uppolice.gov.in**

पत्रांक: पीएसी–तीन–514–4–2016 दिनांक: नवम्बर 24, 2016

## सूचना

उत्तर प्रदेश पीएसी वाहिनियों के उपयोगार्थ **CCTV System (Full High Definition Analog Camera)** की आवश्यकता है। पुलिस विभाग/पीएसी द्वारा क्रय किये जा रहे उक्त उपकरणों का क्रय भारत सरकार की पी0एस0यूज0–एम0टी0टी0सी0, नई दिल्ली जैसे भारत सरकार के उपक्रमों के माध्यम से किये जाने हेतु प्रमुख सचिव, लघु उद्योग, उ0प्र0शासन के शासनादेश संख्या 1783/18–5–08/32– एसपी/2008 दिनांक 03–12–2008 एवं सचिव, गृह, उ0प्र0शासन के शासनादेश संख्या 5147/6–पु0–7–2008–185/2008 दिनांक 08–12–2008 **(**शासनादेशों की प्रतियां वेब साइट पर संलग्न है**)** द्वारा पुलिस को प्राधिकृत किया गया है। इन शासनादेशों के आलोक में **CCTV System (Full High Definition Analog Camera)** का क्रय भारत सरकार के उपक्रमों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

2– इच्छुक भारत सरकार के उपक्रम अपने शील्ड तकनीकी भावपत्र **(**दो शील्ड लिफाफा मूल तकनीकी भावपत्र एवं डुप्लीकेट तकनीकी भावपत्र**)** एवं वित्तीय भाव पत्र **(**दो शील्ड लिफाफा मूल वित्तीय भावपत्र एवं डुप्लीकेट वित्तीय भावपत्र**)** अलग–अलग प्रेषित करें।

3– इच्छुक भारत सरकार के उपक्रम द्वारा उपकरण की एक वर्ष की वारण्टी **(warranty)** एवं उसके पश्चात अगले 2 वर्ष हेतु **AMC(Annual Maintenance Contract)** का प्रमाण पत्र/विवरण तकनीकी निविदा के साथ जमा करना आवश्यक है। वारण्टी **(warranty)** के पश्चात अगले 2 वर्ष हेतु **AMC(Annual Maintenance Contract)** की दर वित्तीय भावपत्र के साथ जमा करना आवश्यक है।

4– **CCTV System (Full High Definition Analog Camera)** की तकनीकी विशिष्टियां उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in** के **Prov. Armed Constabulary(PAC)** एवं निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट **www.up.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

5– निम्न सामग्री की आपूर्ति अवधि 30 दिवस निर्धारित हैं:–

| क्र0 | उपकरण का नाम | कुल मात्रा | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | **CCTV System (Full High Definition Analog Camera) with complete installation.** | **115** | **Specification Enclosed on website.** |

प्रकरण में समय–सारणी निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1– तकनीकी भावपत्र तथा वित्तीय भावपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | – | दिनांक: 15–12–2016 अपरान्ह 1400 बजे तक |
| 2– तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि | – | दिनांक: 15–12–2016 अपरान्ह 1730 बजे |
| 3– तकनीकी समिति की बैठक एवं उपकरणों के प्रदर्शन की तिथि | – | तकनीकी समिति के अध्यक्ष द्वारा निर्धारित की जायेगी। |
| 4– वित्तीय भावपत्र खोलना तथा क्रय समिति की बैठक | – | तकनीकी समिति की आख्या प्राप्त होने पर निर्धारित की जायेगी। |
| बिड खोले जाने एवं क्रय समिति की बैठक की तिथि | – | तद्नुसार सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जायेगा। |

( एस0बी0शिरडकर )
पुलिस महानिरीक्षक,पीएसी मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश।

# TECHNICAL SPECIFICATION FOR CCTV SURVEILLANCE OF 33 PAC BATTALIONS OF UTTAR PRADESH

**1- OBJECTIVE :**This document is the functional requirement for proposed procurement of Analog CCTV of full HD of Surveillance System at different PAC battalions of Uttar Pradesh . CCTV Solution in the RFP is analog CCTV surveillance system using Analog CCTV cameras. Analog CCTV should be full high definition CCTV surveillance standard that uses coax cable to transmit HD video from security cameras to DVRs and supports 720p and 1080p HD video resolutions .

**2- INTRODUCTION AND BACKGROUND**

- The Headquarters of PAC Uttar Pradesh is executing agency for this facility.
- The facility will be used for official purposes and shall be installed at different PAC battalions .
- The purpose of CCTV surveillance is to ensure all security threats are to be mitigated and precautions are undertaken to ensure peaceful operation for battalions.
- 12nos of cameras will be installed at every PAC battalions according to location attached.
- The proposed CCTV solution will be an analog based solution with HD cameras (1080p) being recorded at full frame rate.
- The recordings of each camera installed at battalions will be through DVR.

**3- PROPOSED SOLUTION**

We propose the Full High Definition Analog CCTV Based Surveillance System for different PAC battalions campus. Points to be covered all the sensitive places in premises of battalions.

**(a) Cameras type*:***

Analog full HD Bullet Camera Minimum 2MP or Higher


**(b) Recording**

The DVR recording should have capacity of Minimum Storage of 30 days at Full resolution.

### (c) LED Display

- LED display will be installed in local control room for monitoring videos of all the cameras installed at different PAC battalions premises.

## 4- CCTV CONNECTIVITY DIAGRAM



# Technical Specifications

## 5- Analog Full HD Bullet OutdoorCamera

| | |
|---|---|
| Image Sensor | 2.0 Megapixel, 1/4”or 1/3” CMOS or better |
| Housing | Metal |
| Effective Pixels | 1920 (H) x 1080 (V) |
| Electronic Shutter | 1/25 - 1/10,000 Sec |
| Video Frame Rate | 1080P @ 25fps (PAL)<br>1080P @ 30fps(NTSC) |
| Lens | 2.8-12mm varifocal |
| Min. Illumination | 0.1Lux @(F1.2,AGC ON) ,0.05 Lux with IR |
| Video Output | 1 channel BNC |
| Day/Night | IR cut |
| IR Type | 24 IR LEDs or better |
| IR Range | 25m or higher |
| Power Supply | DC12V±10% |
| Working Environment | -10°C~+55°C/ Less than 95%RH |
| Ingress Protection | IP66 |
| Certifications | UL Listed, CE, FCC |

## 6- Digital Video Recorder (DVR)

| | |
|---|---|
| Video Compression | H.264 |
| Video System | NTSC/PAL |
| Operation System | Linux(embedded)/Windows |
| Processor | ARM based Dual Processor |
| Analog video-input /output | 16CH inputs / VGA and HDMI output |
| Composite Video Input | Up to 24CH (Analog video ) |
| Audio input /output | 16CH inputs /1CH output(RCA) |

| | | |
|---|---|---|
| Display | Resolution | Analog :1080P/720P/960H |
| Record | Resolution | Analog :1080P/720P/960H |
| | Speed | Analog :1080P :30fps(each ch)<br>720P:30ps(each ch)<br>960H:30fps(each ch) |
| Maximum output Bandwidth | | 128Mbps |
| Maximum decode performance | | 1080P:16CH realtime |
| Recording Mode | | Continuous/Manual/Motion detect |
| Synchronous Playback | | 16CH |
| Network Type | | LAN, DHCP, and DDNS |
| HDD interface | | 2 SATA HDDs, 2 x Surveillance Grade 4TB SATA HDD pre-installed |
| Multiplex Operation | | live display, record, playback, backup and network |
| USB | | 2 x USB (for mouse and backup/upgrade) |
| Sensor & Alarm I/O | | 16 inputs / 1 output |
| PTZ Control | | yes (RS485) |
| Mobile Surveillance | | Support Mobile Phones based on iPhone and Android operation system |
| VGA/HDMI | | 1024*768, 1280*1024, 1440*900, 1280*720, 1920*1080 1680*1050, 1600*1200, 1920*1200, 2560*1440 , 3840*2160 |
| Power Supply | | DC 12V/5A |
| Certifications | | UL Listed, CE, FCC |
| Working Temperature | | -10°C~+55°C |
| Working Humidity | | 10%~90% |

## 7- LED Display -

| S. No | Description | Specification | Compliance |
|---|---|---|---|
| 1 | Size | Minimum 42" LED or better | |
| 2 | Display Resolution | Full HD1920 x 1080 pixels | |
| 3 | Backlight Module | LED backlight panel | |
| 4 | Video Signal | 480/60i, 480/60p,1080/60i, 1080/50p (HDMI) | |
| 5 | Aspect ratio | 16:9 | |
| 6 | Brightness | 300 cd/m2 | |
| 7 | Contrast Ratio | 3,000:1 or better | |
| 8 | View Angle-(horizontal/vertical) | 179/179 degree | |
| 9 | Certifications | BIS (Bureau of Indian Standards) Certificate Compulsory | |

## 8- <u>Video Cable RG-11(Coaxial)</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Conductor Size | : ≥ 1.63 mm (Standard) |
| 2. | Central Conductor Material | : Solid Copper Clad Aluminum |
| 3. | Shielding Material | : Al or Better Capable to handle high |
| | | tensile strength |
| 4. | Braiding NET | : ≥76 (Wires) |
| 5. | Outer Jacket | : PVC Black |
| 6. | Length of Bundle | : 300 meter |
| 7. | Approval/Standard | : Yes (Certificate to be attached) |

## 9- Power Cable – 3 Core 1.5 sq mm

| S. No | Description | Specification | Compliance |
|---|---|---|---|
| 1 | Model | 3 Core 1.5 Sq.mm Armored | |
| 2 | Voltage Grade | 1100 Volts | |
| 3 | Type of Conductor | Copper | |
| 4 | No of cores | 3 | |
| 5 | No. of strands/core | 7(multi) | |
| 6 | Colour code | Red/Yellow/Blue | |
| 7 | Core insulation | XLPE 0.7mm thick | |
| 8 | Inner sheath | Extruded PVC type ST2 | |
| 9 | Armoured Material | Galvanized steel wire | |
| 10 | Outer sheath | FRLS PVC type ST2 | |

**10- <u>150 AH Tubular Battery</u>**

| | |
|---|---|
| **Capacity:** | **150 AH** |
| **Battery Type:** | **Tubular Battery** |
| **Voltage:** | **12 V** |
| **Weight:** | **VTS** |
| **Warranty:** | **36 Month(s)** |

**11- <u>2000 VA Online Inverter Specs-</u>**

| | |
|---|---|
| Output Power: | 2000VA |
| Voltage: | 260V |
| Wave Form: | TPZi/Square Wave/Time Wave |
| Recharge Time: | 5Hr(s) |
| Segments: | Office |
| Pritection: | Short Circuit Protection |

**12- Pole**

| Sr No | Description | Specification | Compliance |
|---|---|---|---|
| 1 | Design | As per IS 875 for wind load calculation and IS 800 for design practices. | |
| 2 | Height | 10 mtrs or as per requirement | |
| 3 | Wind Load | based on area of pole structure for 180kmph | |
| 4 | minimum thickness | fabricated steel part or structural pipes shall be 3.2 mm. | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | Test certificates For all Parts | Must be made available | |
| 6 | ferrous metal | hot dip zinc galvanized according to the applicable Standards after fabrication | |
| 7 | Anchor and foundation designs | based upon the soil characteristics and parameters<br>listed in the site geotechnical report or sufficient information supplied by the Customer | |
| 8 | Certification of design Calculation | certified by structural consultant of a government engineering college. | |

**13- BOQ PER LOCATION**

| S.No | Item Description | Unit | Qty |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Analog CCTV full HD Camera as per detailed technical specifications | Nos. | 12 |
| 2 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Enterprise Grade 16CH Analog full HD DVR, as per detailed technical specifications | Nos. | 01 |
| 3 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of RG-11 copper co-axial CCTV cable and connectors required for termination | Mtr. | 5000 |
| 4 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of 3 Core power cable as per specification. | Mts | 5000 |
| 5 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of 2000VA online Inverter for control room and each camera min backup hrs. | Nos. | 01 |
| 6 | 150 AH,12v Tubular Battery for Inverter | Nos | 01 |
| 7 | Supply, Installation, Testing & Commissioning of Monitor 42" LED Panel with HDMI cable | Nos | 01 |
| 8 | SITC OF POLES – 10 MTR for cameras | Nos | 12 |

## 14- LOCATION / LIST OF 33 NOS.PAC BATTALION-

| S.N | NAME OF PAC BATTALIONS | S.N | NAME OF PAC BATTALIONS |
|---|---|---|---|
| 1 | 6th BN MEERUT | 18 | 48TH BN SONBHADRA |
| 2 | 44TH BN MEERUT | 19 | 30TH BN GONDA |
| 3 | 38TH BN ALIGARGH | 20 | 10TH BN BARABANKI |
| 4 | 45TH BN ALIGARGH | 21 | 32ND BN LUCKNOW |
| 5 | 15TH BN AGRA | 22 | 35TH BN LUCKNOW |
| 6 | 28TH BN ETAWA | 23 | 49TH BN GAUTAMBUDHNAGAR |
| 7 | 23RD BN MORADABAD | 24 | 43RD BN ETAH |
| 8 | 24TH BN MORADABAD | 25 | 8TH BN BAREILLY |
| 9 | 9TH BN MORADABAD | 26 | 11TH BN SITAPUR |
| 10 | 42ND BN GHAZIABAD | 27 | 27TH BN SITAPUR |
| 11 | 47TH BN GHAZIABAD | 28 | 2ND BN SITAPUR |
| 12 | 20TH BN AZAMGARH | 29 | 37TH BN KANPUR |
| 13 | 25TH BN RAEBREILLY | 30 | 12TH BN FATEHPUR |
| 14 | 26TH BN GORAKHPUR | 31 | 4TH BN ALLAHABAD |
| 15 | 36TH BN VARANASI | 32 | 42ND BN ALLAHABAD |
| 16 | 34TH BN VARANASI | 33 | 33RD BN JHANSI |
| 17 | 39TH BN MIRZAPUR | | |

**NOTE- Apart from aforesaid mentioned BOQ the bidders are free to add the additional equipment/device in order to meet out the functionality of project.**

संख्या–1783 / 18–5–08 / 32(एसपी) / 2008

प्रेषक,

वी0 राजगोपालन,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
गृह विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

लघु उद्योग अनुभाग–5 लखनऊः दिनांक: 03 दिसम्बर, 2008

विषय:– पुलिस विभाग द्वारा कय किये जाने वाले उपकरणों को वर्तमान कय व्यवस्था के अतिरिक्त एम0एम0टी0सी0,नई दिल्ली जैसे भारत सरकार के उपकमों के माध्यम से भी कय किया जाना।

महोदय,

पुलिस विभाग को आधुनीकृत किये जाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा कय किये जाने वाले उपकरणों को सामान्य टेण्डर प्रकिया के अतिरिक्त भारत सरकार की पी0एस0यू0–एम0एम0टी0सी0, नई दिल्ली जैसे भारत सरकार के उपकमों के माध्यम से भी कय किये जाने का प्रस्ताव गृह विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

2– गृह विभाग के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पुलिस विभाग द्वारा कय किये जाने वाले उपकरणों को वर्तमान कय व्यवस्था के अतिरिक्त एम0एम0टी0सी0,नई दिल्ली जैसे भारत सरकार के उपकमों के माध्यम से भी कय किया जा सकता है।

भवदीय,

( वी0 राजगोपालन )
प्रमुख सचिव।

सं.डी.-डीकालीन(?)
4/12/08

संख्या–1783(1) / 18–5–08 / 32(एसपी) / 2008–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– आयुक्त एवं निदेशक उद्योग,उत्तर प्रदेश,कानपुर।
2– प्रमुख सचिव,न्याय विभाग,उत्तर प्रदेश शासन।
3– वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग–6 / 12 ।
✓4– गृह(पुलिस)अनुभाग–7 ।
5– गोपन अनुभाग–1
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( मारकण्डेय सिंह )
विशेष सचिव।

संख्या-5147/6-पु0-7-2008-185/2008

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

गृह(पुलिस) अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 08 दिसम्बर, 2008

विषयः- **उ0प्र0 पुलिस विभाग के लिए स्वीकृत उपकरणों/संसाधनों के क्रय में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण एवं क्रय प्रक्रिया में सरलीकरण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गृह (पुलिस) विभाग के उपकरणों/संसाधनों का क्रय वित्तीय हस्त पुस्तिका में दिये गये प्रावधान एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों/निर्देशों के अनुसार किया जाता है। निविदा के विज्ञापन, प्राप्त निविदाओं के खोलने, उनके परीक्षण तथा तकनीकी भावपत्र एवं यथास्थिति वित्तीय भावपत्र खोलने और कभी-कभी पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की स्थितियों में निविदा के माध्यम से उपकरणों के क्रय की प्रकिया काफी समयसाध्य हो जाती है। फलस्वरूप उपकरणों के क्रय में समय लगने एवं मूल्यों में वृद्धि (टाइम एण्ड कास्ट ओवर रन) की स्थितियां उत्पन्न होती है। इस विलम्ब को समाप्त करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था एवं आतंकवाद पर नियंत्रण पाने आदि महत्वपूर्ण कार्यों के निमित्त तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत उपकरणों/संसाधनों का क्रय शीघ्र पूर्ण करने एवं उपकरणों के तकनीक में निरन्तर हो रहे नये-नये परिवर्तन/परिवर्द्धन के प्रकाश में आधुनिकतम तकनीक का लाभ उठाने के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण किये जाने की आवश्यकता अनुभव की गयी है। अतः इस संबंध में सम्यक विचारोपरान्त वर्तमान वित्तीय प्रावधानों एवं निर्देशों में निम्नानुसार संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है :-

(1)- **शासन द्वारा पुलिस विभाग के लिए स्वीकृत उपकरणों में जो उपकरण प्रोप्राइटरी आइटम हैं, उनके क्रय की तात्कालिकता को दृष्टिगत रखते हुए, भंडार क्रय नियम-10 में विचलन करते हुए प्रोप्राइटरी आइटम को क्रय करने का अधिकार गृह विभाग को प्रतिनिधानित किया जाता है।**

(2)- आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत अनुमोदित उपकरणों/वाहनों की स्वीकृति के उपरान्त क्रय प्रक्रिया में समय लगता है और इस बीच उनकी स्वीकृत लागत में वृद्धि हो जाती है जिससे उपकरणों/वाहनों के क्रय मूल्य परिवर्तन पर शासकीय अनुमति पुनः आवश्यक होने की स्थितियों में विलम्बित होता है। वित्तीय स्वीकृति एवं क्रय प्रक्रिया पूर्ण होने की अवधि में कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, सी0एस0टी0 आदि की दरों में भी परिवर्तन की सम्भावना रहती है। इसी प्रकार विदेशी मुद्रा विनिमय में अस्थिरता( कमी/वृद्धि) से भी उपकरणों की दरें बढ़ जाती हैं। बढ़ी दरों के फलस्वरूप अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति निर्गत करनी पड़ती है जिसमें समय लगता है। **अतएव समय की बचत हेतु आधुनिकीकरण योजना तथा राज्य के सामान्य बजट से स्वीकृत उपकरणों/वाहनों की स्वीकृत सीमा के अंतर्गत मूल्य में कमी/वृद्धि की स्थिति में**

अपर पुलिस महानिदेशक
उ0 प्र0 पुलिस मुख्यालय
इलाहाबाद।

पुलिस महानिरीक्षक पा0 व0
उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय
इलाहाबाद

स्वीकृति/परिवर्तन का अधिकार सम्यक विचारोपरान्त पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को प्रतिनिधानित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(3)- वित्तीय हस्त पुस्तिका में दिये गये प्रावधान के अनुसार प्रथम निविदा में फर्मों को बिड दिये जाने का न्यूनतम अवधि 30 दिन निर्धारित है। सुरक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण उपकरणों, बुलेट प्रूफ वाहनों आदि का क्रय संवेदनशीलता एवं तात्कालिकता के दृष्टिगत यथाशीघ्र किया जाना आवश्यक एवं वांछनीय होता है। वर्तमान समय सीमा के कारण इस कार्यवाही में विलम्ब होता है। अतएव सम्यक विचारोपरान्त समय की बचत हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका में संशोधन करके सुरक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण उपकरणों, बुलेट प्रूफ वाहनों आदि के क्रय संबंधी निविदा की न्यूनतम अवधि 15 दिन निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(4)- वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-ए-1-864/दस-08- 15(1)/86, दिनांक 23.09.2008 द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सामग्री क्रय नियमों के अन्तर्गत कोटेशन/निविदा आमंत्रित कर सामग्री क्रय करने की सीमा में वृद्धि करते हुए रू0 20,000/- (रू0 बीस हजार मात्र) तक सामग्री बिना कोटेशन आमंत्रित किये क्रय की जा सकती है और निर्माण कार्यों एवं मरम्मत से सम्बन्धित सामग्री तथा अन्य सामग्री के क्रय हेतु रू0 1,00,000/- (रू0 एक लाख मात्र) से अधिक मूल्य की सामग्री के लिए टेण्डर आमंत्रित करने की व्यवस्था है। पुलिस विभाग की तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत रखते हुये सम्यक विचारोपरान्त उपर्युक्त निर्धारित वित्तीय सीमा में निम्नवत् वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है:-

(1) रू0 20,001/- से रू0 1,00,000/- तक कोटेशन मंगाकर (बिना वित्तीय सलाहकार की अनुमति के)

(2) रू0 1,00,001/- से रू0 2,00,000/- तक कोटेशन मंगाकर (वित्तीय सलाहकार की अनुमति लेकर)

(3) रू0 2,00,000/- से अधिक निविदा आमंत्रित करके।

क्रय संबंधी समस्त प्रस्ताव वित्तीय सलाहकार की सहमति से सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत किए जायेंगे।

(5)- पुलिस विभाग में अधिक संख्या में वाहन एक साथ निष्प्रयोज्य घोषित होते हैं। वर्तमान नीति के अनुसार उनकी नीलामी कराकर नीलामी की धनराशि राजकोष में जमा कराने की प्रक्रिया पूरी कर प्रतिस्थापन में नये वाहनों के क्रय की स्वीकृति जारी की जाती है। वाहनों के निष्प्रयोज्य घोषित होने के उपरान्त उनकी नीलामी तक लगने वाले समय के कारण जनपदों में वाहनों की कमी बनी रहती है इससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था/महत्वपूर्ण ड्यूटियां प्रभावित होती हैं।

इस संबंध में सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है कि पुलिस विभाग की विशिष्ट कार्यप्रणाली एवं अपरिहार्यता के दृष्टिगत पुलिस विभाग के निष्प्रयोज्य घोषित वाहनों के प्रतिस्थापन में नये वाहन क्रय करने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान कर दी जाय कि निष्प्रयोज्य घोषित वाहनों की नीलामी 45 दिन के अन्दर कराकर प्राप्त धनराशि राजकोष में जमा करा दी जायेगी।

(6)- केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा अधिक संख्या में सुरक्षा उपकरण/संसाधनों का क्रय निविदा के माध्यम से किया जाता है। केन्द्रीय रूप से क्रय प्रक्रिया सम्पादित करने से जहां प्रतिस्पर्धात्मक दरों के कारण अच्छे उपकरण सस्ते दरों पर उपलब्ध होनें की सम्भावना बनती है

वहीं इससे समय की बचत भी होती है। इस सम्बन्ध मे सम्यक विचारोपरान्त पुलिस विभाग की विशिष्ट कार्यप्रणाली एवं अपरिहार्यता के दृष्टिगत केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों द्वारा निर्धारित दरों पर क्रय किये जा रहे उपकरणों के साथ उ0प्र0 पुलिस की आवश्यकता का मांग पत्र उनके साथ सम्मिलित किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया है।

2- कृपया उपर्युक्त निर्णयों के अनुपालन में अपेक्षित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

3- यह आदेश वित्त (लेखा)अनुभाग-1 के अशासकीय पत्र संख्या- एफ.ए-1-725 /दस-2008, दिनांक 08,दिसम्बर, 2008 द्वारा एवं लघु उद्योग विभाग के अशासकीय संख्या- / -2008, दिनांक 02दिसम्बर, 2008 द्वारा प्राप्त सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(रेणुका कुमार)
सचिव।

**संख्या-5147(1)/6-पु-7-08 तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा/आडिट) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी, सिविल लाइन्स, इन्दिरा भवन, इलाहाबाद।
4. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।
5. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
9. लघु उद्योग अनुभाग-5
10. गार्ड फाइल/समायोजन समीक्षा अधिकारी।

आज्ञा से,

(रेणुका कुमार )
सचिव